

# सीमाचिन्ह गायब, कैसे हो नपती, बंदोबस्त व्यवस्था बंद

**खास बातें**

- हर गांव से सामने आ रही समस्या, लगा रहे तहसीलों के चक्कर
- मामले नहीं सुलझने पर होते हैं विवाद, थाने और कोर्ट में हो रहे लोग परेशान



नवभारत न्यूज

**विदिशा 15 नवम्बर,** जमीन संबंधी विवादों से जूझ रहे प्रदेश में बंदोबस्त एवं सीमांकन की प्रक्रिया लंबे समय से गंभीर समस्या बनी हुई है। वर्ष 1959 के बाद बंदोबस्त हर 20 वर्ष में किए जाने का नियम था, लेकिन यह प्रक्रिया आज तक दोबारा नहीं हो सकी. हैरानी की बात यह है कि लगभग दो वर्ष पूर्व बंदोबस्ती का यह नियम ही समाप्त कर दिया गया.ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन विवादों का सबसे बड़ा कारण सीमांकन है. विशेषज्ञों के अनुसार गांवों में लगभग 80 प्रतिशत मामले जमीन की सीमाओं से जुड़े होते हैं. स्थिति यह है कि राजस्व विभाग में उपलब्ध कई पुराने नक्शे फटे पड़े हैं और ऑनलाइन (रोबर मशीन) नक्शे जमीन की वास्तविक स्थिति से मेल नहीं खाते, जिसके कारण अभी भी हस्तलिखित नक्शों के आधार पर ही काम करना पड़ता है.जानकारों का मानना है कि यदि सरकार एक बार गहन बंदोबस्त कर दे तो राजस्व और अदालतों में लंबित लगभग 90 प्रतिशत सिविल एवं फौजदारी मामले समाप्त हो सकते हैं.आधुनिक तकनीक उपलब्ध होने के कारण यह प्रक्रिया पहले की तुलना में अब कहीं अधिक सरल भी हो सकती है..बंदोबस्त के बाद चकबंदी से सीमाएं स्पष्ट होंगी और अनावश्यक रूप से तहसील तथा अदालतों पर बढ़ रहा भार कम होगा. पंजाब और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में बंदोबस्त के बाद सीमाएं स्थिर हो गईं, जिसके कारण वहां जमीन विवादों में उल्लेखनीय कमी आई है.लेकिन राजस्व तंत्र के भीतर ही चुनौतियां मौजूद हैं. पटवारी और तहसील स्तर पर सीमांकन कार्य का विरोध किया जा रहा है. दो वर्ष पूर्व संशोधन के जरिए सीमांकन का कार्य पटवारियों को सौंपा गया, परंतु वे इसे बड़ी जिम्मेदारी और विवाद का कारण बताते हुए असहमति जता रहे हैं. उनका कहना है कि सीमा चिन्ह बदलने, नाप की सटीकता और वास्तविक जमीन पर माप बिंदु (रेफरेंस पॉइंट) न मिलने से काम कठिन हो जाता है.

राजस्व विशेषज्ञों का सुझाव है कि प्रदेश में विस्तृत स्तर पर स्थायी सीमा-चिन्ह (परमानेंट बाउंड्री मार्क) स्थापित किए जाएं इससे जरीब, टीएसएम मशीन अथवा अन्य आधुनिक उपकरणों से बिना विवादों के सटीक नाप-जोख संभव हो सकेगी. साथ ही कम से कम एक बार समग्र बंदोबस्त तथा नए नक्शों का निर्माण कर 60-70 वर्ष पुराने नक्शों में हुई त्रुटियों को भी सुधारा जा सकता है.

### विभागों के बीच भी हो जाता है टकराव

जमीन के सीमांकन का सही मापदंड न होने के चलते कई बार विवाद की स्थिति सामने आती है यहां तक की सरकारी विभागों के बीच में भी जमीन को लेकिर टकराव के हालात बन जाते हैं. वन विभाग, राजस्व और रेलवे की जमीन की सीमांकन के विवाद सामने आ चुके हैं. विदिशा में भी शेरपुरा इलाके में कुछ साल पहले रेल्वे और राजस्व विभाग जमीन के सीमांकन को लेकर सामने आ चुके हैं. इसी तरह गंजबासौदा में वन विभाग और राजस्व विभाग के बीच जमीन को लेकर मामला उलझा हुआ है.

### जमीन के बंटवारे को लेकर बिखर रहे परिवार

लोगों का कहना है कि यदि सरकार इस दिशा में ठोस निर्णय ले, तो बड़ी संख्या में चल रहे विवाद समाप्त होंगे, कब्जे वाली जमीनें स्पष्ट होंगी, और जमीन संबंधी झगड़ों में बिखर रहे परिवारों को स्थायी राहत मिल सकेगी. बंदोबस्त के समय जो सीमा चिन्ह स्थापित किए गए थे वो सभी नष्ट हो चुके हैं. पूर्व में जो नक्शे बने थे वह जरीब में बने थे और आज हर कृषक मशीन से सीमांकन चाहता है पूरे जिले में मात्र 7 मशीन ही हैं ग्राम 1569 हैं जिनमें विदिशा बासौदा सिरोंज लटेरी कुरवाई जैसे बड़े ग्राम भी शामिल है प्रत्येक ग्राम से 20से 25 तक के सीमांकन के आवेदन भी लगते हे तो लगभग 25000 आवेदन लग जाते हैं. इस संबंध में पटवारी संघ के अध्यक्ष मनोज बघेल ने कहा कि ऑनलाइन रोवर से नपति में मौके पर 20 से 30 फीट का अंतर आ जाता है .आखरी बंदोबस्त सन 1968-69 में हुआ था.एक बार बंदोबस्त हो जाएगा तो सारी समस्याएं समाप्त हो जाएगी.

# आदतन चोर गिरफ्तार, 1 लाख का मशरूका बरामद

**दो चोरी की वारदातों का तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर खुलासा**



नवभारत न्यूज

**विदिशा 15 नवम्बर, एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस ने त्वरित व प्रभावी कार्रवाई करते हुए चोरी के दो मामलों में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर कुल एक लाख मूल्य का मशरूका बरामद किया है. थाना कोतवाली क्षेत्र के स्वर्णकार कॉलोनी एवं न्यू बस स्टैंड क्षेत्र में 25 और 31 अक्टूबर 25 को हुई चोरी की घटनाओं पर पुलिस ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए दोनों प्रकरणों में गंभीरता से विवेचना प्रारंभ की.**

पुलिस ने तकनीकी वीडियो फुटेज और मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे दबोच लिया. गिरफ्तार आरोपियों में विकास माली पिता सुखदीन माली उम्र 32 वर्ष निवासी नहर कॉलोनी बस स्टैंड, अशोकनगर शामिल है तो वहीं आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी बीना एवं अशोकनगर में अपराध पंजीबद्ध पाए गए हैं. इस कार्यवाही में थाना प्रभारी आनंद राज, उप निरीक्षक रोहित कौरव, सहायक उप निरीक्षक अनिल यादव, प्रधान आरक्षक अमित सक्सेना, आरक्षक रामवीर कुशवाह, राघवेंद्र सिकरवार, शिशुपाल सिंह दांगी की भूमिका रही.

# न्यायोत्सव के तहत लगा विधिक जागरुकता शिविर

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** ग्राम पंचायत चुनियाखोह में बुधवार को न्यायोत्सव के तहत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. इस मौके पर अतिथियों का स्वागत सरपंच प्रतिनिधि संजीव गुर्जर ने किया. कार्यक्रम में न्यायाधीश अंकिता जैन ने उपस्थित ग्रामीणों और महिलाओं को घरेलू हिंसा और महिलाओं से जुड़े अपराधों के बारे में जानकारी दी. जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार पांडेय ने कानून के बारे में जानकारी दी. उन्होंने विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी बताया. कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा ने ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी. कार्यक्रम का संचालन रामबाबू कुशवाह ने किया. कार्यक्रम में तहसीलदार संजय चौरसिया, जनपद सीईओ आशीष अग्रवाल, थाना प्रभारी विमलेश राय, सरपंच प्रतिनिधि संजीव गुर्जर, सचिव कृष्णकांत शर्मा, कैलाश यादव, पवन जाटव, रणवीर राठौर, अमित चौबे, सतेंद्र श्रीवास्तव, प्रकाश मीना आदि मौजूद रहे.

## मानसिक स्वास्थ्य एवं पीसीपीएनडीटी पर हुआ प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता लोढ़ा के मार्गदर्शन में आज बुधवार को गंज बासौदा विकासखंड के जन चिकित्सालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस प्रशिक्षण में आशा कार्यकर्ता, एएनएम, आशा सुपरवाइजर सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य मैदानी कर्मचारियों ने सहभागिता की. प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मैदानी स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों को मानसिक स्वास्थ्य, पीसीपीएनडीटी एक्ट तथा बाल संरक्षण जैसी संवेदनशील विषयों पर जागरूक एवं सक्षम बनाना रहा.



# पुलिस को राज्य स्तरीय अंगुलचिन्ह विशेषज्ञ कार्यशाला में दोहरी उपलब्धि

नवभारत न्यूज

**विदिशा.**राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो पुलिस मुख्यालय भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय अंगुल चिन्ह विशेषज्ञ कार्यशाला में विदिशा पुलिस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में दो महत्वपूर्ण श्रेणियों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यशाला की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो द्वारा की गई, जहां जिले के अंगुल चिन्ह कार्य एवं नेफिस क्रियान्वयन में तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की गई। नेफिस के माध्यम से सर्वाधिक ट्रेस प्रकरण निकालने में प्रथम स्थान, आरव्हीओ के माध्यम से अधिकतम प्रकरण ट्रेस करने में प्रथम स्थान और अंगुल चिन्ह कार्य एवं रेफिस क्रियान्वयन में उत्कृष्ट योगदान हेतु जिला फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ, निरीक्षक योगेंद्र साहू को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया.

# सांची में कड़ाके की ठंड से लोग बेहाल, अलाव व्यवस्था नदारद

**ठंडी हवाओं से बाजारों में सन्नाटा, किसान फसलों में जुटे, बेघर लोगों की बढ़ी मुश्किलें**

नवभारत न्यूज

**सांची, नगर भर में कड़ाके की ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है.ठिठुरन इतनी तेज़ है कि लोग दिनभर सिकुड़ते दिखाई दे रहे हैं. इसके बावजूद प्रशासन की ओर से अलाव जैसी मूलभूत सुविधा की कोई व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे नागरिकों में असंतोष है.**

ठंडी लहर के कारण मौसम में और अधिक गिरावट दर्ज की गई है. इसी बीच किसानों की मेहनत जारी है.कई किसान धान की फसल में व्यस्त हैं, जबकि कई स्थानों पर पलेवा और रबी फसलों की बोनी का कार्य शुरू कर दिया गया है। किसानों की चिंता भले किसी के एजेंडे में न हो, परंतु देश को अन्न उपलब्ध कराने की उनकी जिम्मेदारी बदस्तूर जारी है.बाजारों में भी ठंड का असर साफ नजर आ रहा है. कई दुकानें खाली पड़ी हैं, और लोग हीटर व गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं. वहीं दूसरी ओर, फुटपाथों और सड़कों के किनारे रहने वाले बेघर लोग बिना गर्म कपड़ों के रातें गुजारने को मजबूर हैं, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई है. प्रशासन की उदासीनता इन हालात में और चिंता पैदा करती है.

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो से तीन दिनों में ठंड में और वृद्धि होने की संभावना है.रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की और गिरावट दर्ज हो सकती है.सुबह के समय घना कोहरा भी छा सकता है, जिससे दृश्यता प्रभावित रहने की चेतावनी दी गई है.उत्तर की ओर से तेज़ ठंडी हवाएँ चलने के कारण दिन का तापमान भी सामान्य से नीचे बना रह सकता है.विशेषज्ञों ने नागरिकों को सलाह दी है कि सुबह और देर शाम बाहर निकलते समय गर्म कपड़ों का विशेष ध्यान रखें, बच्चों और बुजुर्गों को अनावश्यक ठंड के संपर्क में न आने दें.कड़ाके की ठंड के बीच सांची के लोग राहत की उम्मीद लेकर प्रशासन की ओर देख रहे हैं, जबकि मौसम का मिज़ाज अभी और सख्त होने के संकेत दे रहा है.



# श्री राम कथा के आयोजन को लेकर निकली कलश यात्रा

नवभारत न्यूज

**विदिशा, बंटी** नगर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पर शनिवार से श्रीराम कथा का आयोजन प्रारंभ हो रहा है. इसी आयोजन को लेकर कलश यात्रा निकाली गई जो पीतलमील चौराहे से आरंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई बंटी नगर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पहुंची. जहां श्रीराम कथा का आयोजन शुरू हुआ. बताया गया कि श्री राम कथा रोजाना दोपहर एक बजे से प्रारंभ होगी.चित्रकूट से आए कथा वाचक इस कथा का वाचन करेंगे. कलश यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए.

# टिकिया फुल्की में केमिकल का मिल रहा पानी

**लोगों के स्वास्थ्य से हो रहा खुलेआम खिलवाड़**

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,नगर पालिका परिषद के स्वास्थ्य अधिकारी राजेश नेमा द्वारा नगर में हाथ ठेला तथा दुकानों पर दुकानदार टिकिया फुल्की का पानी खट्टा करने के लिए जिस केमिकल का उपयोग कर रहे थे.वह स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है.उन्होंने टिकिया फुल्की वालों पर कार्रवाई करते हुए टिकिया फुलकी का पानी फेंक दिया और उनके विरुद्ध जुर्माना किया.**



श्री नेमा ने बताया की विदिशा से संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी आते हैं और टिकिया फुल्की वालों से पैसा वसूल कर चलते बनते हैं.उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई नहीं करते नगर पालिका परिषद के स्वास्थ्य विभाग को जितने अधिकार हैं. उस हिसाब से कार्रवाई की जाती है विदिशा खाद्य विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं देते इसका परिणाम बच्चों महिलाओं को भुगतना पड़ रहा है ज्यादातर टिकिया फुल्की यही कहते हैं जिससे उनका स्वास्थ्य बिगड़ जाता है इनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई होना चाहिए.नगर पालिका परिषद द्वारा पूरा सहयोग मिलेगा अधिकारियों के लिए पूरा जिला उनके अधिकार क्षेत्र में आता है परंतु वह विदिशा कार्यालय में जमे रहते हैं यहां औपचारिकता पूरी करने आते हैं. टिकिया फुल्की के पानी में जो खट्टा जहरीला केमिकल डाला जाता है.उन्हें जेल भेजा जावे श्री नेमा ने बताया की जिनके विरुद्ध कार्रवाई की गई है उन लोगों की सूची उनके पास उपलब्ध है अधिकारी प्रभावी कार्रवाई करें.

# गौ-प्रबंधन में नवाचार अन्य गौशालाओं के लिए बने प्रेरणा स्रोत-कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**विदिशा, कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बुधवार को ग्राम गमाकर स्थित कामधेनु गौशाला कनक बिहारी धाम का निरीक्षण किया. भ्रमण के दौरान उन्होंने गौ-प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न नवाचारों को देखा और उनकी सराहना की.**

गौशाला समिति के संचालक कमलेश रघुवंशी ने कलेक्टर श्री गुप्ता को गौशाला के संचालन, पशुओं की देखभाल, गोबर से जैविक खाद, मूत्र से तैयार जैविक कीटनाशक तथा अन्य उत्पाद निर्माण संबंधी नवाचारों की जानकारी दी.कलेक्टर श्री गुप्ता ने गौशाला परिसर की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि यहाँ अपनाए गए प्रबंधन एवं नवाचार अन्य गौशालाओं के लिए अनुकरणीय उदाहरण हैं. उन्होंने समिति को सतत सुधार एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए. कलेक्टर ने कहा कि गौशालाएँ न केवल पशु संरक्षण का केंद्र हैं, बल्कि जैविक कृषि और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। ऐसे नवाचार आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की दिशा में सार्थक कदम हैं. पीएम पोषण भोजन कार्यक्रम की व्यवस्था का निरीक्षण, किचन गार्डन बनाने व रसोइयों को आई कार्ड देने के निर्देश दिए है. नवाचारों की जानकारी जिला पंचायत की परियोजना अधिकारी श्रीमती कृति चौहान ने साझा की खासकर आन लाइन पोटल पर जिले की शत-प्रतिशत जानकारी दर्ज की जा रही है. कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने भी निरीक्षण की जानकारी आन लाइन समिट कराई है. उन्होंने उपरोक्त कार्यो की भूरी भूरी तारीफ करते हुए हौसला अफजाई किया है.

# सांसद खेल महोत्सव का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**हैदरगढ़, धामनोद में मंगलवार को सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन ग्यारसपुर मंडल के अध्यक्ष अजय गुर्जर की उपस्थिति में हुआ. इस अवसर पर स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह चौहान, जनपद सदस्य प्रतिनिधि अनिल शर्मा, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता प्रेम सिंह यादव, नवल सिंह लोधी दादा, बल्लू बैरागी, लक्ष्मी नारायण शर्मा, राजा गुंज़ारी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष कमलेश लोधी, सरपंच चितरंजन कुशवाहा, मंत्री गोविंद दास बैरागी सहित जनपद के अधिकारी-कर्मचारी और विद्यालयों के शिक्षक बड़ी संख्या में मौजूद रहे.**



महोत्सव में प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के लिए विभिन्न पारंपरिक व स्थानीय खेलों का आयोजन किया गया.इनमें रस्सा कसी, नींबू-पानी चम्मच दौड़, कबड्डी, खो-खो और दौड़ जैसी प्रतियोगिताएँ प्रमुख रहीं बच्चों और युवाओं ने खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे पूरे मैदान में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा रस्सा कसी प्रतियोगिता में धामनोद की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया. कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा विजेता और उपविजेता टीमों को स्मृति चिन्ह और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया सांसद खेल महोत्सव के इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा.

**बैठक** | **शादी समारोह एवं सामाजिक आयोजनों के लिये महत्वपूर्ण एडवाइजरी**

# गार्डन संचालक दें कर्मचारियों की जानकारी, डीजे का टाइम फिक्स

नवभारत न्यूज

**विदिशा, आगामी विवाह सीजन में सुरक्षा, शांति व्यवस्था, ट्रैफिक सुचारू संचालन एवं ध्वनि नियंत्रण सुनिश्चित करने हेतु जिले के सभी मैरेज गार्डन संचालकों, डीजे संचालकों, आयोजनकर्ताओं एवं नागरिकों के लिए विदिशा पुलिस द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है.**



एसपी रोहित काशवानी ने कहा कि सभी मैरेज गार्डन में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे स्थापित करें, जिससे पूरा परिसर कवर हो सके. कैमरों का 24×7 रिकॉर्डिंग मोड में संचालन अनिवार्य है तथा फुटेज 30 दिन तक सुरक्षित रखें. आयोजन स्थल पर आने वाले मेहमानों के कीमती सामान हेतु सुरक्षित काउंटर सेफ-जोन की व्यवस्था रखें. सभी गार्डन,कैटरिंग,इवेंट कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से कराएं किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस नियंत्रण कक्ष या नजदीकी थाने को दें.वहीं डीजे एवं साउंड सिस्टम को निर्धारित ध्वनि सीमा में ही संचालित किया जाए. रात्रि 10 बजे के बाद तेज ध्वनि वाले डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा. गार्डन परिसर के अंदर डीजे की ध्वनि नियंत्रित रखने की जिम्मेदारी गार्डन संचालक की होगी. बारात निकालते समय मुख्य सड़क पर यातायात बाधित न करें. विवाह स्थल पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था, अलग प्रवेश-निकास मार्ग और पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था अनिवार्य है. सड़क पर अनावश्यक वाहनों का जमावड़ा, पार्किंग अव्यवस्था या जाम की स्थिति कानूनी कार्रवाई के दायरे में आएगी.

### आयोजन स्थल की सुरक्षा व्यवस्था

गार्डन में फायर सेफ्टी उपकरण जैसे फायर एक्सटिंग्विशर, इमरजेंसी एग्जिट और फर्स्ट-एड किट उपलब्ध हों. आयोजक कार्यक्रम का समय, भीड़ का अनुमान और विशेष व्यवस्थाएं समय रहते स्थानीय थाने को अवगत कराएं विवाह स्थल पर कुशल सुरक्षा गार्ड व्यवस्था कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करें.

### अन्य महत्वपूर्ण निर्देश

शराब/नशीले पदार्थों के सेवन से उत्पन्न अव्यवस्था पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. आतिशबाज़ी का उपयोग नियंत्रित व सुरक्षित दूरी से किया जाए. कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि पर तत्काल रोक लगाई जाएगी. एसपी ने कहा कि सभी आयोजनकर्ता, मैरेज गार्डन संचालक एवं डीजे संचालक इन दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें.उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी.

# योजनाओं के क्रियान्वयन की ली जानकारी

नवभारत न्यूज

**विदिशा, कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बुधवार को बासौदा एवं कुरवाई तहसील के विभिन्न ग्रामों पचमा, गमाकर, बरेठ, कुल्हार, भालबामौरा और भक्ति ग्राम का सघन भ्रमण कर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया.**

भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री गुप्ता ने प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं लाडली बहना योजना जैसी योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद किया. उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं के लाभ, भुगतान की स्थिति, पारदर्शिता एवं शिकायत निवारण से जुड़ी जानकारी ली.कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को सभी योजनाओं का समय पर लाभ सुनिश्चित किया जाए और किसी भी स्तर पर देरी या लापरवाही न हो.कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों में संधारित विभिन्न पंजीयों का अवलोकन किया कृ जिसमें निर्माण कार्य, मनरेगा मस्टर रोल, संपत्ति कर रजिस्टर और आमदनी-व्यय विवरण शामिल थे.उन्होंने पंचायतों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिए सुझाव दिया कि पंचायतें व्यावसायिक दुकानों का निर्माण कर उन्हें नीलामी के माध्यम से किराये पर दें, ताकि पंचायतों को स्थायी राजस्व प्राप्त हो सके. साथ ही उन्होंने पंचायतों को स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग पर बल दिया.